डिजीटल समाचार पत्र

# कांग्रेस दर्पण

दैनिक


बिहार

पटना, 21 जनवरी, शनिवार, 2023



# अंधेरे को चीरते हुए मशालें







## संपादक की कलम से

हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नहीं समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं। कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-



**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**

-डॉ0 संजय कुमार,

संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278

# बेगूसराय मे भारत जोड़ो यात्रा सफल ही नहीं पूर्ण सफल रही

पटना । कांग्रेस दर्पण

राहुल के अहबान पर बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंहजी एवं सभी बिहार के नेताओं के नेतृत्व मे और बेगूसराय जिला के सभी जिला स्तरीय प्रखंड पंचायत स्तरीय नेताओं के सहयोग से बेगूसराय मे भारत जोड़ो यात्रा सफल ही नहीं पूर्ण सफल रही सबसे बड़ी बात यह रही जो दिल से कांग्रेसी है जिनके खून मे कांग्रेस है वह सभी नीरगुट होकर जिनके पास बस था वह बस लेकर जिनके पास चार चक्के की गाड़ी थी वह चार चक्के की गाड़ी लेकर जिनके पास मोटर साईकिल था वह मोटर साईकिल लेकर जिनके पास साईकिल था वह साईकिल लेकर जिनके पास कुछ नहीं था वह भाड़े की गाड़ी पर चढ़कर भारत जोड़ो यात्रा मे भाग लिए जिस कारण इस जिले के सभी दूसरे राजनीती दल के लोगो को कांग्रेस की ताकत का एहसास हुआ और उनको महसूस हुआ की अगर आज भी कांग्रेस एकजुटता के साथ आएगी मैदान मे तो किसी की ताकत नहीं जो लड़ सके कांग्रेस के कार्यकर्त्ता से अच्छा लगा सबको बहुत बहुत धन्यवाद और आभार कांग्रेस की जय हो बिजय हो















कांग्रेस दर्पण
पटना, शनिवार
21.01.2023


## भारत जोड़ो यात्रा के प्रादेशिक संस्करण

# बिहार जोड़ो यात्रा की बेगूसराय जिले की सीमा में हुए जोरदार स्वागत

पटना । कांग्रेस दर्पण

भारत जोड़ो यात्रा के प्रादेशिक संस्करण बिहार जोड़ो यात्रा की बेगूसराय जिले की सीमा में हुए जोरदार स्वागत, आमलोगो और कांग्रेसजनों की वृहत्तर भागीदरी और कार्यकर्म की बड़ी सफलता से उतसाहित जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह और यात्रा के समनवयक रहे कुमार रत्नेश टुल्लू ने यात्रा में शामिल प्रदेश नेताओं, स्थानीय नेताओं और कार्यकाताओं, आमलोगों और मीडिया को अपनी ओर से धन्यवाद दिया है। जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा कि राहुल जी के सन्देश के साथ इस यात्रा में चल रहे प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह, पूर्व अध्यक्ष मदनमोहन झा, पूर्व मंत्री अवधेश सिंह सहित तमाम बड़े नेताओं ने बेगूसराय में जिस मेहनत और लगन से आमलोगों के बीच एकता, और भाईचारा का सन्देश प्रसारित कर जिले में कांग्रेसजनों को ऊर्जा दी है इसके लिए मैं तमाम नेताओं और स्थानीय कार्यक्त्तों को धन्यवाद और आभार प्रेषित करता हूं। कोऑर्डिनेटर रत्नेश टुल्लू ने कहा कि बेगूसराय की सीमा बेला चौक में प्रवेश के साथ बगरस, परिहारा, बखरी, गढ़पुरा, कमहरसों, छौराही, खोदावान्दपुर, सागी तक लगभग 50 किलोमीटर की पदयात्रा के लिए जिस तरह से हमारे स्थानीय नेता प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कंचन, आभाष झा, राजेश महतों, मो0 नाज हसन ,उदय सिंह, आशीष कुमार, सहित उन सभी कार्यकर्ताओं को जिन्होंने दिनरात एक कर यात्रा को सफल बननाने में अहम भूमिका निभाई उनको और उन्हें और उनके साथियों का आभार व्यक्त करता हूं। अर्जुन सिंह नें कार्यक्रम की सफलता में अहम निर्देशन और योगदान के लिए पूर्व विधायक अमिता भूषण का बिशेष आभार प्रकट किया जिन्होंने रात दिन सभी कार्यकर्ताओं को उत्साहित कर कार्यक्रम को सफल बनाने में साथ दिए।साथ ही सभी प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का आभार जिन्होंने राहुल गांधी जी के भारत जोड़ो नफ़रत छोड़ो संदेश को आपने प्रमुखता से जगह दिया उनके शानदार कभरेज के लिए भी जिले के मीडिया बंधूओं का आभार धन्यवाद। प्रदेश से आये नेताओं प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश सिंह, पुर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ मदनमोहन झा, अवधेश सिंह, कुमार आशीष, ब्रजेश, पांडे, आभा सिंह, प्रवीण कुशवाहा, आशुतोष शर्मा, बंटी चौधरी, कपिलदेव यादव, आशुतोष त्रिपाठी, चुन्नू सिंह, कुंदन गुप्ता, राजकुमार राजन, गप्पु राय सहित सभी नेताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्होंने इस यात्रा से जुड़े हर एक सहयोगियों को आभार प्रकट करते करता हूँ। विशेष आभार 5 जनवरी से लगातार राष्ट्रीय ध्वज को आगे आगे लेकर चल है कॉंग्रेस सेवादल के जंवाज सिपाही सेवादल प्रदेश अध्यक्ष सोएब अख्तर जी के नेतृत्व में सैकड़ो सेवादल साथियों का आभार साथ में चल रहे विपिन झा, जयप्रकाश गुप्ता, रुचि सिंह, आनन्द प्रेम, प्रभांशु कुमार बिट्टू, नीरज कुमार, अंकित कुमार सहित सैकड़ों सेवादल का आभार करते हुए आगे सफलतम यात्रा की कामना की.









# समस्तीपुर में किया भव्य स्वागत





Indian National Congress BIHAR के अध्यक्ष राज्यसभा सांसद माननीय डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह जी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा के बिहार संस्करण का कल समस्तीपुर में स्वागत किया जिसमें भारी संख्या में कांग्रेस जन, स्थानीय लोग शामिल हुए तथा नफ़रत, महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ बिगुल फूंका।

# डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह जी के नेतृत्व में बिहार में भारत जोड़ो यात्रा एक ऐतिहासिक यात्रा का रूप ले रही है



**पटना । कांग्रेस दर्पण**

याह सिर्फ यात्रा नहीं अश्वमेघ है आपसी नफरत को दूर करने का। यह यात्रा जैसे–जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे–वैसे अपनी भव्यता का व्याख्या खुद कर रही है।

राहुल गांधी जी का संदेश, अखिलेश बाबू का अथक प्रयास से यात्रा को हर समाज, हर जाति, हर धर्म के बच्चे, बुजुर्ग और युवा अपना समर्थन दे रहे हैं।

बिहार में कांग्रेस की पुरानी पीढ़ी जो आज संगठन के अस्तित्व को स्थापित करने की उम्मीद ही छोड़ दिए थे, वे बुजुर्ग कांग्रेसी कार्यकर्ता भी आज इस यात्रा में जुड़कर अखिलेश बाबू के नेतृत्व को समर्थन कर रहे हैं और उन्हें आशीर्वाद दे रहे हैं । इस यात्रा को बुजुर्गों का अनुभव, युवाओं का जोश अलौकिक और अद्भुत बना रही है। इस देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाने का यह प्रयास ऐतिहासिक होगा और प्रदेश के इतिहास के नायक के रूप में अखिलेश बाबू को जाना जाएगा।










आज समस्तीपुर जिला में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने से पूर्व कल शाम जिला परिसदन समस्तीपुर में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता से मिला।आज एरौता से आनंदपुर ( समस्तीपुर – दरभंगा बॉर्डर ) तक भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुआ।

# बेटी बचाओ का नारा देने वाले बेटियों का शोषण कर रहे है: कांग्रेस

पटना। कांग्रेस दर्पण

भारत के महिला पहलवान विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता ओलंपियन विनेश फोगाट द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर कई वर्षों से महिला पहलवानों का यौन शौषण का आरोप लगाने से भारत का नाम संपूर्ण विश्व में बदनाम हुआ है।

आज कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता स्थानीय टावर चौक पर भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का पुतला दहन कर उन्हे अध्यक्ष पद से बर्खास्त कर अविलंब एफ आई आर दर्ज कर कड़ी सजा दिलाने की मांग किया है। इस अवसर पर उपस्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला



उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र मांझी, उदय शंकर पालित, टिंकू गिरी, अमित कुमार उर्फ रिंकू सिंह, मौलाना आफताब खान, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, शशिकांत सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव, सुनील कुमार राम, विनोद उपाध्याय, मो समद, असरफ इमाम आदि ने कहा कि देश की शान विश्व चैंपियन विनेश फोगाट के साथ ऐसी घटना बेहद शर्मनाक है, जिससे बाद भाजपा का बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ का नारा पूरी तरह खोखला साबित हुआ है। नेताओ ने कहा की देश की राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर पहलवानों का अनिश्चित कालीन धरना जिसे संपूर्ण भारत वासियों का समर्थन मिल रहा है, तथा सभी पहलवान एवम् वहां जुटे लोग कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को कड़ी सजा दिलाने की मांग प्रधानमंत्री से कर रहे है। नेताओ ने कहा की जिस प्रकार विश्व चैंपियन महिला पहलवान विनेश फोगाट की आंखों में आशु छलक पड़े हैं, तथा उनके साथ इस तरह के शर्मनाक घटना जिसे वो सरकार से भी बयां कर चुकी है, परंतु अभी तक केंद्र सरकार द्वारा कारवाई नहीं करने से देशवासियों में भारी रोष है।

-विजय कुमार मिठू

# राहुल गांधी की यात्रा में शामिल हुआ खगड़िया का लाल खगड़िया कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रसेनजीत।



पटना। कांग्रेस दर्पण

दिनांक 15.01.2023 को खगड़िया के प्रसेनजीत भारत जोड़ों यात्रा में शामिल होने पंजाब पहुंचे। छात्र राजनीति से ख्याति कमाने वाले प्रसेनजीत एक सप्ताह तक अतिथि यात्री के तौर पर श्री राहुल गांधी जी की यात्रा में चले और इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी जी से मिलकर उन्हें खगड़िया की राजनैतिक स्थिति से उन्हें अवगत भी कराया।

बकौल प्रसेनजीत, इस हड्डियों को कंपकपा देने वाली ठंड में भी राहुल जी के गर्म कपडे न पहनने के पीछे 2 बातें है। पहला की वे ऐसा कर देश के मजदूरों और किसानों को अपना आभार प्रकट करते हैं की वे उनके सघर्ष का आदर करते हैं। और दूसरा वे योग में उनकी सिद्धि को इसका श्रेय देते हैं। इस सवाल पर की क्या ये यात्रा सफल है प्रसेनजीत कहते हैं की देश में फैलाई जा रही भय और नफरत की सियासत के जवाब के तौर पर ये यात्रा पहला मजबूत प्रयास है और यहां से कांग्रेस देश की धर्मनिरपेक्ष रीति नीति को बचाए रखने की दिशा में हीं गतिविधि करेगी।

# कांग्रेस ने माना राष्ट्र निर्माण के लिए युवा शक्ति जरूरी

पटना। कांग्रेस दर्पण

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां पंजीकृत मतदाताओं की संख्या दुनिया के कई देशों की कुल आबादी से भी अधिक है। 1935 के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट के अनुसार केवल 13% जनता को मताधिकार प्राप्त था। आजाद भारत में पहला चुनाव 1952 में हुआ था जिसमें देश के 14% लोगों ने हिस्सा लिया। कुल 489 लोकसभा सीटों पर हुए चुनाव में कॉंग्रेस ने 364 सीट पर जीत दर्ज की। पहले मतदाता की रजिस्ट्रीकरण के लिए आयु 21 साल थी इसे 28 मार्च 1989 से 18 साल कर दिया गया। संसद ने 1988 में भारत में संविधान संशोधन के जरिए मतदान करने की आयु घटाकर 18 साल करने संबंधी विधेयक को मंजूरी 20 दिसंबर को ही दी थी उस समय आजाद भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार थी देश हित में इसे बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा गया था। राजीव गांधी को यकीन था कि राष्ट्र निर्माण के लिए युवा शक्ति जरूरी है। संविधान संशोधन के बाद देश में 5 करोड़ युवा मतदाताओं की संख्या बढ़ गई। विपक्षी पार्टी के विरोध के बाद राजीव गांधी को सत्ता से हाथ धोना पड़ा था



लेकिन फैसले ने संसदीय राजनीति में युवाओं की रूचि बढ़ा दी और यह फैसला देश को समावेशी बनाने में मददगार साबित हुआ.....**रणजीत कुमार मुखिया जी पूर्व जिला सचिव बेगूसराय।**

# श्री भक्तचरण दास जी का स्वागत करते हुए दरभंगा जिला का समानित नेतागण



आज गोरौल प्रखंड के कटरमाला पंचायत मे आयोजित स्टार युवा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित टूनामेंट मैच खेला गया । उसका का उद्घाटन किया। वही संतोष कुमार , अविनाश कुमार , अमन कुमार, राजू कुमार , टुनटुन कुमार , अमरजीत पासवान, चुनचुन पासवान , मंजय पासवान, अभिषेक कुमार , नीतीश कुमार , संजू राजा , सुरज कुमार , आनंद कुमार, सनोज कुमार सहित सैकड़ों सहयोगी उपस्थित हुए ।




भारत जोड़ो यात्रा दरभंगा जिला में बिहार कांग्रेस प्रभारी आदरणीय श्री भक्तचरण दास जी का स्वागत करते हुए दरभंगा जिला का समानित नेतागण ।

# भारत जोड़ो यात्रा पटना महानगर जिला काँग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्त्तागण के साथ शामिल हुए





आज मंदार पर्वत (बांका) से बिहार में शुरुहुए Indian National Congress BIHAR में #BharatJodoYatraBihar #BharatJodoYatra #भारतजोड़ोयात्रा पटना महानगर जिला काँग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्त्तागण के साथ शामिल हुए। Mallikarjun Kharge DrAkhilesh Prasad Singh Dr.Madan Mohan Jha



भारत जोड़ो का मूल है मकसद।
झूठ फरेब से मुक्त करेगा संवाद।
मंहगाई बेकारी में करना सुधार।
बलात्कारियों के संरक्षण बेकार।
सत्य का खुलेगा सारे पोल यार।
पवलाम के खुले क्यों न आधार।
टढ ओ अन्य कैसे टूटे सरकार।
लोकतंत्र रहे या क्रूरतंत्री विचार।
दिनेश शंकर दास,इढउउ



कुर्था विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में सड़क एवं पीसीसी के निर्माण के लिए शिलान्यास एवं उद्घाटन के अवसर पर शिरकत करते हुए कांग्रेस नेता राम विनय सिंह यादव, जिला परिषद रंजन यादव, कुर्था के राजद विधायक आदरणीय श्री बागी कुमार वर्मा जी



हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को लेकर उत्तरी असम ज़ोनल मीटिंग।बीजेपी के कुशासन के ख़िलाफ़ राहुल जी का संदेश जन–जन तक पहुंचाना है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा जी, नेता विपक्ष देवव्रत सैकिया जी, कार्यकारी अध्यक्ष राणा गोस्वामी जी, प्रभारी सचिव सभी ज़िला, प्रखंड, पंचायत कमेटी एवं सेल के अध्यक्ष शामिल हुए। @Ranjeeet Ranjan


# बारिश और बर्फ़ क्या उस का रास्ता रोकेंगे, जो अपनी मंज़िल पाने के लिए अपनी राह खुद बनाता है

वह देश को तोड़ने की बात करते हैं और हम देश को जोड़ने की बात करते हैं। उन्हें देश की विविधता से डर लगता है इसलिये वह सभी पर अपनी मनमज़ी थोपना चाहते हैं जबकि हमें भारत की विविधता ही उसकी आत्मा लगती है इसलिये हम देश की हर संस्कृति, सभ्यता और भाषाओं का सम्मान करते हैं। भारत जोड़ो यात्रा अपने अंतिम चरण में जम्मू कश्मीर के जम्मू प्रांत में है अन्य राज्यों की तरह जम्मू की स्थानीय भाषा डोगरी जो भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल है में भारत जोड़ो यात्रा गीत को डोगरी में जारी किया गया। ₹बोलो साड़े कन्ने कौन चलगर₹। यह छायाचित्र सन 1972 का है जिसमें भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी कांग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ खड़ी हैं! इन कार्यकर्ताओ में स्वर्गीय चेयरमैन कुलदीप पठानिया जी हमारे दादा जी हैं जिन्होंने दशकों तक कांग्रेस की सेवा की! अब मेरे पिताजी श्री कर्ण सिंह पठानिया (मालटु) जी डॉल्ल र्ल्लॐ्रंढंउँल्लं तन,मन,धन से पार्टी की सेवा क रहे हैं! राहुल गांधी जी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में चलना हमारे परिवार के लिए सौभाग्य की बात है। मैं दिल से Rahul Gandhi जी और हमारे मुख्यमंत्री श्री Sukhvinder Singh Sukhu जी का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने इंदौरा को यात्रा के लिए चुना और हमारे परिवार को भी सेवा का मोका दिया!












# वह देश को तोड़ने की बात करते हैं और हम देश को जोड़ने की बात करते हैं









सन 1987 में सियाचिन ग्लेशियर पर विजय हासिल कर तिरंगा लहराने वाले परमवीर चक्र विजेता कैप्टन बाना सिंह ने भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर यात्रा का गौरव बढ़ाया।





**गुरुओं की धरा पंजाब के पठानकोट में आयोजित जनसभा में पंजाब कांग्रेस कमेटी ने आज कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी और श्री राहुल गांधी जी का तलवार और तस्वीर देकर अभिनंदन किया।**












भारत
जोड़ो
यात्रा
देश आगे बढ़ रहा है
साथ आवाज़ उठा कर, हाथ से हाथ मिला कर
Indian National Congress
@INCIndia
www.inc.in